## कौशल विकास और उद्‍यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई)
## जुलाई 2021 माह का सारांश

**महीने के दौरान महत्वपूर्ण कार्य इस प्रकार हैं:**

1. समाज के वंचित और सीमांत वर्गों के उत्थान के लिए कौशल विकास कार्यक्रम प्रदान करने हेतु देश भर में 75 नए जन शिक्षण संस्थानों की स्थापना:

स्थानीय बाजार की जरूरतों के आधार पर कौशल सेट प्रदान/उन्नत करके लक्षित लाभार्थियों के आय स्तर को पूरक करने के उद्देश्य से पूरे देश में जन शिक्षण संस्थान स्थापित किए गए हैं। छूटे हुए आकांक्षीय जिलों, वाम पक्ष उग्रवाद प्रभावित (एलडब्ल्यूई) जिलों, सीमा (अंतर्राष्ट्रीय) से जुड़े जिलों, संघ राज्य क्षेत्रों/द्वीपों, उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों/पहाड़ी क्षेत्रों में इस स्कीम की कवरेज को बढ़ाने के लिए, वर्तमान में, देश में 233 जेएसएस कार्य कर रहे हैं तथा 75 नए जेएसएस गैर सरकारी संगठनों को आवंटित किए गए हैं।

विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर 15 जुलाई, 2021 को माननीय प्रधानमंत्री द्‍वारा 75 नए जन शिक्षण संस्थानों का उद्‍घाटन किया गया। ये 75 जेएसएस अंडमान और निकोबार द्‍वीप समूह, आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दमन और दीव, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, लक्षद्‍वीप, लद्‍दाख, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, ओडिशा, राजस्थान, सिक्किम, त्रिपुरा और उत्तराखंड के राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में स्थापित किए जाएंगे। देश में जन शिक्षण संस्थान की स्थापना के लिए प्रत्येक एनजीओ को 20 लाख रुपए के एकमुश्त गैर-आवर्ती अनुदान जारी किए जा रहे हैं।

2. प्रमाणित उम्मीदवारों के डेटा तक पहुंच बनाकर कौशल इकोसिस्टम के अनुवीक्षण के संबंध में और अधिक पारदर्शिता लाने और संभावित नियोजकों को उम्मीदवारों के प्रमाण-पत्र सत्यापित करने में सक्षम बनाने हेतु, एनसीवीईटी डिजिलॉकर के साथ सहयोग करने की प्रक्रिया में था। राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस डिवीजन (एनईजीडी), एमईआईटीवाई और एनसीवीईटी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर विश्व कौशल दिवस की पूर्व संध्या पर 15 जुलाई, 2021 को किए गए थे।

3. महीने के दौरान शामिल नए शिक्षु और पंजीकृत प्रतिष्ठान:

नए अनुबंध: 45,057
नए पंजीकृत प्रतिष्ठान: 1,279

4. 'संकल्प' के तहत माह के दौरान प्रमुख उपलब्धियां इस प्रकार हैं:

i. संकल्प के अंतर्गत 6,07,10,720/- (छह करोड़ सात लाख दस हजार सात सौ बीस) रुपए की अनुमानित लागत से पटियाला जिले में सीवरेज श्रमिकों के कौशल प्रशिक्षण के लिए एमएसडीई, पंजाब कौशल विकास मिशन (पीएसडीएम), पंजाब जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड और पटियाला नगर निगम, पंजाब सरकार के बीच हस्ताक्षर किए जाने वाले समझौता ज्ञापन का प्रारूप 27.07.2021 को पीएसडीएम के साथ उनकी स्वीकृति तथा हितधारकों के हस्ताक्षर हेतु साझा किया गया है।
ii. आरपीएल के माध्यम से अपनी जनशक्ति को प्रशिक्षित और प्रमाणित करने के लिए एमएसडीई और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के बीच हस्ताक्षर किए जाने वाले एमओयू को उनकी स्वीकृति और हस्ताक्षर के लिए 14.07.2021 को एएसआई के साथ साझा किया गया है।
iii. संकल्प के अंतर्गत इग्नू के माध्यम से 10,43,57,000 (दस करोड़ तैंतालीस लाख पचहत्तर हजार मात्र) (करों सहित) की अनुमानित लागत से राज्य और जिला अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के संचालन के लिए एमएसडीई और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाने का मामला प्रक्रियाधीन है।
iv. एमएसडीई और टीएचएससी के बीच "स्टूडेंट हेरिटेज एंबेसडर" परियोजना के लिए हस्ताक्षर किए जाने वाले ड्राफ्ट अनुबंध - आजादी का अमृत महोत्सव के लिए एमएसडीई की पहल के हिस्से के रूप में एक विशेष परियोजना को उनकी स्वीकृति और हस्ताक्षर के लिए 19.07.2021 को पर्यटन और आतिथ्य कौशल परिषद (टीएचएससी) के साथ साझा किया गया है।
v. संकल्प के तहत आजादी का अमृत महोत्सव के लिए मंत्रालय की पहल के तहत 5,31,19,209 रुपये (पांच करोड़ इकतीस लाख उन्नीस हजार दो सौ नौ रुपये) (करों को छोड़कर) की अनुमानित लागत पर आदर्श ग्राम कौशल शिविर परियोजना शुरू करने के लिए एमएसडीई द्वारा छह एसएससी की पहचान की गई है। ऑटोमोटिव स्किल डेवलपमेंट काउंसिल (एएसडीसी) के साथ 28.07.2021 को अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जबकि परियोजना के लिए शेष 05 एसएससी के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए जा रहे हैं।
vi. मेसर्स नेटप्रोफेट्स साइबरवर्क्स प्रा लिमिटेड सेवा के अतिरिक्त दायरे यानी जिला कौशल समिति (डीएससी) टूलकिट के डिजिटलीकरण और रखरखाव के लिए 52,97,958 / - रुपये (करों को छोड़कर) की अनुमानित लागत पर लगाया गया है।
vii. 'अल्पावधि कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित महिला उम्मीदवारों के रोजगार परिणामों पर ट्रेसर अध्ययन' आयोजित करने के लिए एक एजेंसी के चयन के लिए मसौदा आरएफपी को उनकी सहमति के लिए आईएफडी को भेजा गया है।
viii. संकल्प के तहत 'एक मॉडल जिला स्तरीय पीडब्ल्यूडी कौशल डेटाबेस का निर्माण' के लिए एक एजेंसी के चयन के लिए रुचि की अभिव्यक्ति के लिए अनुरोध (आरईओआई) 26.07.2021 को प्रस्तावों के लिए सीपीपी पोर्टल में प्रकाशित किया गया है।

ix. निमी संकल्प प्रकोष्ठ की प्रगति और एनआईएमआई द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय फैलोशिप कार्यक्रम के कार्यान्वयन की समीक्षा अपर सचिव (एमजीएनएफ), एमएसडीई की अध्यक्षता में दिनांक 13.07.2021 को हुई बैठक में की गई।

x. एनएसडीसी को बेहतर रोजगार और प्रतिधारण (एएमबीईआर) के लिए विशेष परियोजना त्वरित मिशन के लिए पहली किस्त (15%) के रूप में 6,71,40,000/- रुपए (छह करोड़ इकहत्तर लाख चालीस हजार रुपये) की धनराशि जारी किया गया है। 1,09,74,824/- रुपए (एक करोड़ नौ लाख चौहत्तर हजार आठ सौ चौबीस रुपए) (करों सहित) मैसर्स ई एंड वाई को उनके द्वारा अप्रैल, 2021 से जून, 2021 की अवधि के लिए प्रदान की गई व्यावसायिक सेवाओं के लिए जारी किया जा चुका है।

5. एनसीवीईटी के तहत राष्ट्रीय कौशल अर्हता समिति (एनएसक्यूसी) की 10वीं बैठक 29 जुलाई, 2021 को डॉ. निर्मलजीत सिंह कलसी, अध्यक्ष, एनसीवीईटी की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें अनुमोदन के लिए समिति के समक्ष 100 अर्हताएं प्रस्तुत की गईं। समिति ने 69 अर्हताओं को मंजूरी दी, 31 अर्हताओं को सशर्त मंजूरी दी गई। इसके साथ, अब तक कुल 4423 अर्हताओं को एनएसक्यूएफ से जोड़ा गया है।

**6. <u>डीजीटी द्वारा की गई पहलें</u>:**

**क. शिक्षुता अनुभाग**

i. राजपत्र में अधिसूचित एटीएस के अंतर्गत नामित पांच नए एटीएस ट्रेड।

ii. स्ट्राइव की स्थिति:

क) वित्त वर्ष 2021-22 में 680 लाख (40 लाख*17 आईसी) की धनराशि राज्य कोषागार के माध्यम से सीधे स्टेट सोसाइटी (परियोजना खाता) के खाते में जारी की गई है। एसएएमसी के निर्देश पर स्टेट सोसाइटी इसके आगे आईसी सोसाइटी (अथवा समकक्ष) परियोजना बैंक खाते में धनराशि जारी करेगी।

ख) वित्तीय वर्ष 2021-22 में ओडिशा राज्य को राज्य शिक्षुता अनुवीक्षण प्रकोष्ठ (एसएएमसी) की स्थापना के लिए स्ट्राइव परियोजनाओं के तहत बेहतर और विस्तृत शिक्षुता प्रशिक्षण के घटक के लिए 46.22 लाख रुपये जारी किए गए हैं।

ग) वित्तीय वर्ष 2021-22 में दिल्ली राज्य को 47.86 लाख रुपये बेहतर और विस्तृत शिक्षुता प्रशिक्षण के स्ट्राइव परियोजनाओं के घटक के अंतर्गत एसएएमसी की स्थापना के लिए जारी किए जाएंगे। ई-फाइल प्रक्रियाधीन है।

घ) वित्तीय वर्ष 2021-22 में तमिलनाडु राज्य को बेहतर और विस्तृत शिक्षुता प्रशिक्षण के स्ट्राइव परियोजनाओं के घटक के तहत एसएएमसी की स्थापना के लिए 54.78 लाख रुपये जारी किए जाएंगे। ई-फाइल प्रक्रियाधीन है।

ङ) मदुरै ज्वैलरी मैन्युफैक्चरर्स कंसोर्टियम प्राइवेट लिमिटेड (मदुरै, तमिलनाडु) से त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए, और 5 विशिष्ट आईसी में से दो अर्थात पिपिली अप्प्लिक क्लस्टर, पुरी, कटक, ओडिशा और सिम्हा शक्ति ओक्कुटा, सिरसी, उत्तर कन्नड़, कर्नाटक को डीजी/एएस से हस्ताक्षर के पश्चात वापस कर दिया गया है और नागालैंड ठेकेदार तथा आपूर्तिकर्ता संघ (कोहिमा, नागालैंड) ने अभी तक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं।
उनके अनुबंध पर हस्ताक्षर होना शेष है।

**ख. स्कीम प्रभाग**

क. 28 जुलाई 2021 को 9 राज्यों के लिए एकल नोडल एजेंसी खाता निर्माण और मानचित्रण किया गया। अन्य सभी राज्यों को इसकी प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई है और वे खाते खोलने की प्रक्रिया में हैं।

ख. स्कीम के लिए और विकास की प्रक्रिया के तहत विकसित की जाने वाली वेबसाइट के लिए फ़्लोचार्ट/रूपरेखा

ग. 97 करोड़ के बजट परिव्यय के साथ 10 प्रतिशत जीबीएस उपयोग स्कीम के संबंध में डीओई के साथ चर्चा की गई।

घ. मौजूदा 29 मॉडल आईटीआई के अलावा चयन समिति द्वारा अनुशंसित 7 मॉडल आईटीआई का चयन। पत्र एमओए पर हस्ताक्षर हेतु भेजे गए।

ङ. पीएम दक्ष के तहत उद्यमशीलता विकास प्रकोष्ठ के लिए तैयार और प्रस्तुत संशोधित दिशानिर्देश।

च. एनईआर को पूरा करने के लिए स्कीम हेतु संशोधित अवधारणा नोट अनिवार्यतः 10 प्रतिशत जीबीएस हेतु तैयार कर लिया गया है और अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया।

छ. ईएसडीआई के तहत अरुणाचल प्रदेश को 8.61 करोड़ रुपये की निधि जारी

ज. दक्षता स्कीम की ब्रीफिंग प्रेजेंटेशन माननीय मंत्री को भेजी गई और डीजीएस/एएस द्वारा प्रस्तुति की गई।

झ. ईएसडीआई स्कीम के तहत नागालैंड राज्य को 442.80 लाख रुपये की धनराशि जारी करने के संबंध में आईएफडी से अनुमोदन प्राप्त किया।

**ग. परियोजना प्रभाग**

क. कार्यक्रम में भाग लेने के लिए दो आईटीआई ने त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए। अब तक कुल 425 आईटीआई ने निष्पादन आधारित अनुदान समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

ख. अनुदेशक की रिक्ति में कमी में दो और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (मेघालय तथा जम्मू और कश्मीर) द्वारा उपलब्धि के आधार पर, सत्यापन के लिए आईवीए को दस्तावेज प्रस्तुत किए गए थे।

ग. डीएलआई 3 (डीएलआर i) के तहत उपलब्धि के आधार पर अर्थात एमएसडीई ने आईटीआई प्रशिक्षकों के लिए भर्ती, प्रशिक्षण और कैरियर की प्रगति हेतु सतत योजना संबंधी एक नीति पत्र विकसित किया गया है, सत्यापन के लिए आईवीए को दस्तावेज जमा किए गए थे।

घ. आईवीए की सत्यापन रिपोर्ट के आधार पर आईटीआई में प्रशिक्षक की कमी में 6 राज्यों द्वारा उपलब्धि के लिए डीएलआर 3 से जुड़ी 3 मिलियन अमरीकी डालर की राशि और आईटीआई प्रशिक्षकों के लिए कैरियर प्रगति नीति के विकास के समक्ष उपलब्धि के लिए 1 मिलियन अमरीकी डालर की राशि जारी करने के लिए विश्व बैंक को अनुरोध प्रस्तुत किया गया था।

ङ. आईटीआई प्रशिक्षकों के लिए एक मॉडल कैरियर प्रगति नीति राज्यों के साथ उनकी संबंधित नीतियों को विकसित करने के लिए साझा की गई थी।

च. राज्य घटक (परिणाम क्षेत्र 2) के अंतर्गत की गई प्रगति तथा भावी व्यय योजना के संबंध में 9, 12 और 13 जुलाई 21 को 18 प्रतिभागी राज्यों के साथ समीक्षा बैठकें (वीसी) आयोजित की गईं।

छ. 12 राज्य शिक्षुता अनुवीक्षण प्रकोष्ठों (एसएएमसी) के लिए 16 जुलाई 21 को समीक्षा बैठक सह क्षमता निर्माण कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

ज. आईटीआई में नामांकन में सुधार और प्रवेश बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए 25 राज्यों के 50 आईटीआई के साथ परस्पर संवादात्मक संगोष्ठी आयोजित की गई। 19 जुलाई को कार्यान्वयन के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए आईटीआई में पीएमकेवीवाई के कार्यान्वयन हेतु एक हितधारक समिति की बैठक आयोजित की गई थी।

## घ. सीडी अनुभाग

क. 15.07.2021 को आयोजित विश्व युवा कौशल दिवस कार्यक्रम में माननीय कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री और माननीय कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री द्वारा सीडी अनुभाग द्वारा बनाए गए 57 नए पाठ्यक्रमों से संबन्धित एक द्विभाषी पुस्तिका का अनावरण किया गया था, जिसमें 2021 सत्र में 22 सेक्टर और डीजीटी स्कीमें (सीटीएस, सीआईटीएस, एटीएस, फ्लेक्सी एमओयू और एसटीटी) सहित नए पाठ्यक्रमों को प्रस्तुत किया गया था।

ख. एनएसक्यूएफ अनुमोदन प्राप्त करने हेतु विचारार्थ और दिनांक 29.07.2021 को होने वाली उनकी आगामी एनएसक्यूसी बैठक के लिए एनसीवीईटी को आठ अर्हता फाइलें प्रस्तुत की गई।

30.07.2021 को डीजी(टी)/एएस की अध्यक्षता में पाठ्यक्रम और मानकों के संबंध में स्थायी समिति (एससीसीएस) पर पहली बैठक आयोजित की जाएगी।

## ङ. <u>सीएफआई अनुभाग</u>

क. 2021-22 सत्र के लिए शिल्प प्रशिक्षक प्रशिक्षण स्कीम प्रवेश की प्रवेश सूचना का विज्ञापन रोजगार समाचार तथा अन्य 58 लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्रों में जारी किया गया है।

ख. एनएसटीआई स्कीम- दृष्टा (प्रशिक्षक कौशल विकसित करना और प्रशिक्षण अनुकूलता का सम्मान करना) - एनएसटीआई को सुदृढ़ करने के लिए एक समग्र स्कीम तैयार की जाती है और माननीय कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री का अनुमोदन मांगा जाता है।

ग. राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एनएसटीआई) में 2021-22 सत्र के लिए केंद्रीकृत शिल्पकार प्रशिक्षण स्कीम में प्रवेश के लिए प्रवेश सूचना का विज्ञापन रोजगार समाचार और अन्य 58 लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्रों में जारी किया गया है।

घ. राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों के टॉपर्स के साथ एआईटीटी 2020 के सभी टॉपर्स के विवरण को शामिल करते हुए एक पुस्तिका तैयार की गई है और कौशल प्रशिक्षण से संबंधित सभी राज्य निदेशालयों को अग्रेषित की गई है।

ङ. संदर्भित टॉपर्स को योग्यता का प्रमाण पत्र जारी कर सम्मानित किया जा रहा है।

च. एनएसटीआई प्रमुखों के साथ चर्चा कर क्षेत्र विशेषज्ञता के साथ एनएसटीआई की ब्रांडिंग को अंतिम रूप दिया गया है।

छ. संस्थान प्रमुखों के परामर्श से 2021-22 सत्र से नव-विकसित एनसीवीईटी अनुमोदित सीआईटीएस पाठ्यक्रमों की शुरूआत के लिए एनएसटीआई की पहचान की गई है। एनएसटीआई में आज़ाद की अमृत महोत्सव के उत्सव को सुनिश्चित करना।

## च. आईटी सेल

क. नेटएकेड कार्यक्रम सीसीएनएवी 7- रूटिंग और स्विचिंग के तहत प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण 6 स्थानों पर नव स्थापित सिस्को नेट अकादमी से शुरू हुआ।

ख. सभी हितधारकों को संदेश भेजने के लिए एनसीवीटीएमआईएस के साथ एनआईसी संदेश एप्लिकेशन की एकीकरण की प्रक्रिया शुरू की गई।

ग. सीएसआर के तहत प्रशिक्षण में उनके समर्थन के लिए सिस्को के साथ समझौता ज्ञापन को जून 2022 तक बढ़ा दिया गया है।

घ. डीजीटी और एक्सेंचर, क्वेस्ट एलायंस और सिस्को के बीच सीएसआर के तहत उनके समर्थन के लिए समझौता ज्ञापन को 4 वर्ष के लिए जून 2024 तक बढ़ा दिया गया है।

ङ. एनईपी 2020 के एक वर्ष पूरे होने पर माननीय प्रधान मंत्री ने सभी शिक्षुओं को एसएमएस भेजकर और सभी वेबसाइटों पर अपलोड करके लाइव संबोधन का व्यापक प्रचार किया।

च. आईटीआई जियो-लोकेशन डेटा को माननीय राज्य मंत्री कार्यालय के साथ साझा किया गया।

छ. जुलाई 2021 में एनसीवीटीएमआईएस पोर्टल के अंतर्गत की गई कुछ प्रमुख गतिविधियां:

i. ड्रिल डाउन रिपोर्ट के साथ संपूर्ण शिकायत मॉड्यूल का परिनियोजन।
ii. शिकायत मॉड्यूल पर फील्ड अधिकारियों और आईटीआई के लिए प्रशिक्षण
iii. वार्षिक प्रणाली के लिए फ्लेक्सी एमओयू मार्कशीट/प्रमाण-पत्र पूरा हुआ
iv. न्यूनतम अर्हता के रूप में प्री-फाउंडेशन कोर्स के साथ डीईटी, छत्तीसगढ़ द्वारा अनुरोध के अनुसार वामपक्ष उग्रवाद स्कीम के तहत उम्मीदवारों का विवरण और प्रमाण-पत्र तथा मार्कशीट अपलोड करने की सुविधा।
v. संबद्धता आदेश जनरेशन मॉड्यूल का विकास पूर्ण हुआ
vi. 2018 के बाद के परिणाम प्रसंस्करण पूरा हो गया है और सभी योग्य उम्मीदवारों के लिए प्रमाण-पत्र तैयार किए गए हैं
vii. ड्रिल-डाउन के साथ प्रशिक्षक डेटा डैशबोर्ड रिपोर्ट
viii. नियोजन डेटा कैप्चरिंग और ड्रिल-डाउन के साथ डैशबोर्ड रिपोर्ट

**छ. <u>भारतस्किल्स पोर्टल</u>** (https://bharatskills.gov.in)
जुलाई 2021 में उपभोक्ताओं की संख्या में लगभग 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है

[जून 2021 तक: 2,683,815 (~27 लाख) और जुलाई 2021 में: 1,50,026 (1.5 लाख)]

******